हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

9 रेशनेलाइजेशन के नाम पर सैकड़ों पद खत्म करने का प्रयास



10 पहली बरसात में ही पानी पानी हुआ शहर



## खबर संक्षेप



### 51 बेसहारा पशुओं को भेजा गो अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा शनिवार व सोमवार को 2 दिन में आजाद नगर, नवदीप कॉलोनी व शास्त्री नगर आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 51 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### मकान से 50 तोले सोना चोरी, केस दर्ज

**बरवाला।** शहर के वार्ड 19 के मकान से 50 तोले सोना चोरी होने का मामला पुलिस के पास पहुंचा है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में वार्ड 19 निवासी अर्जुन ने पुलिस को शिकायत दी है। अर्जुन ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 28 जून को अपने नाना की बरसी के लिए नरवाना गया हुआ था। इस दौरान उसका मकान बंद था। जब वह रात को घर लौटा, तो मकान का ताला टूटा हुआ और जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली मिली। जांच करने पर पता चला कि घर से 50 तोले सोना गायब है।

### उद्घघोषित आरोपी गिरफ्तार किया

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ हांसी पुलिस ने चोरी के मामले में उद्घघोषित आरोपी हांसी की विकास नगर कॉलोनी निवासी सन्दीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा शहर थाना में दर्ज चोरी के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### पंचायती झोटा चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने पंचायती झोटा चोरी के मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली जिला के गांव झिंझाना निवासी गुलफाम उर्फ मोडिल के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी गुलफाम उर्फ मोडिल ने अपने एक अन्य साथी अशरफ के साथ मिलकर 11-12 अगस्त 2024 की रात को गांव बोबुआ और हसनगढ़ से पंचायती झोटे चोरी किए थे। इस संबंध में दोनों गांवों के सरपंचों की शिकायत पर बरवाला थाना में मामले दर्ज किए गए थे। एक आरोपी अशरफ को पहले ही गिरफ्तार कर चोरी किए गए झोटे बरामद किए जा चुके हैं। अब गुलफाम उर्फ मोडिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बंद मकान में चोरी करने के मामले में एक पकड़ा

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने गांव ढंढूर स्थित एक बंद मकान से आभूषण और नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव के ही दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 32 हजार रुपये नकद व चार घड़ियां बरामद की हैं। जांच अधिकारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में गांव ढंढूर निवासी रमेश कुमार ने सदर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 27 जून की रात वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। अगली सुबह जब वह वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला और नकदी व आभूषण गायब थे।

### 21 दिन से गर्मी, बारिश और उमस में डटे हकृवि के आंदोलनकारी छात्र

# छात्रों के अल्टीमेटम का समय पूरा, यूनिवर्सिटी के चारों गेट कल सुबह 11 से 3 बजे तक बंद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के धरनास्थल पर बारिश के बावजूद आंदोलनकारी छात्र पिछले 21 दिनों से लगातार मोर्चा पर डटे हुए है। उधर, सरकार को दिए अल्टीमेटम की अवधि का मंगलवार को अंतिम दिन है। अगर सरकार से सहमति नहीं बनती है तो आंदोलनकारी छात्र अन्य जनसंगठनों को साथ लेकर हकृवि के चारों गेटों पर रोकेंगे। उधर, सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं हरियाणा के सह प्रभारी प्रफुल्ल गुडधे छात्रों के धरने पर पहुंचे।

#### मीटिंग कर बनाई रणनीति

संयुक्त किसान मोर्चा, हकृवि के आंदोलनकारी छात्रों और जनसंगठनों की संयुक्त मीटिंग सोमवार को 2 जुलाई को विश्वविद्यालय के सभी गेटों को जाम करने की तैयारी को लेकर की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हकृवि के चारों गेटों का मोर्चा छात्र नेता सम्भालेंगे। छात्र,किसान-मजदूर और वकील चारों गेटों पर मौजूद रहेंगे। दो जुलाई को यूनिवर्सिटी के चारों गेट सुबह 11 बजे से 3 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से रोके जाएंगे। बैठक में 2 जुलाई के यूनिवर्सिटी के चारों गेट रोकने की ठोस रणनीति बनाई गई। एम्बुलेंस,स्कूल बसों एवं एमरजेंसी केस के लिए छूट रहेगी। मीटिंग में सभी संगठनों की अलग-अलग गेटों पर ड्यूटियां लगाई गई। धरनारत छात्रों ने कहा कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन फैसला लिखित में हो, इसके कम हम तैयार नहीं। जब तक लिखित फैसला नहीं होगा धरना जारी रहेगा। अगर प्रशासन अब भी नहीं चेता तो 2 जुलाई को लड़ाई आर-पार की होगी।

#### एम्बुलेंस, स्कूल बसों और एमरजेंसी केस के लिए रहेगी छूट



**हिसार।** छात्रों के धरने को संबोधित करते अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव प्रफुल्ल गुडधे। *फोटो : हरिभूमि*

**प्रफुल्ल गुडधे**

#### संसद में उठाएंगे मामला

अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव प्रफुल्ल गुडधे ने छात्रों से संवाद करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह मुद्दा केवल एक विश्वविद्यालय का नहीं बल्कि देश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह वादा किया कि वे इस गंभीर मसले को देश की सबसे बड़ी पंचायत—भारतीय संसद—में मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी कांग्रेस पार्टी, छात्रों के साथ एक अभिभावक की तरह खड़ी है, और इस आंदोलन को राजनीतिक समर्थन नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी के रूप में देखती है।

**दिग्विजय चौटाला**

#### वीसी को हटाना होगा

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने एचएयू छात्रों द्वारा दो जुलाई को बड़ा आंदोलन करने की घोषणा का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को वीसी को हटाना होगा और छात्रों की मांगें माननी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि छात्रों से वादा करके मुकरने वाली भाजपा सरकार छात्रों के आंदोलन की परीक्षा न लें क्योंकि छात्रों के पास बड़ी क्रांति लाने की ताकत है और इतिहास इसका गवाह रहा है। दिग्विजय ने यह भी कहा कि वे सीएम से मुलाकात का समय मांगेंगे।

#### विवि प्रशासन ने कहा- गेट नंबर 4 का रास्ते खोले रखें

**हिसार।** शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों के सुचारू संचालन और मंगलवार से स्कूल खुलने के बाद विद्यार्थियों के आवागमन के मद्देनजर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गेट नंबर 4 के रास्ते को खोलने की बात कही है। इस संबंध में पुलिस और प्रशासन से भी रास्ता खाली कराने का अनुरोध किया गया है। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दो स्कूल (कैंपस स्कूल और सरकारी स्कूल) ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 1 जुलाई को फिर से खुलने वाले हैं। गेट नंबर 4 के लगातार बंद रहने से बड़ी संख्या में स्कूल जाने वाले बच्चों की आवाजाही बाधित होगी। विश्वविद्यालय कर्मचारियों के कई बच्चे भी विभिन्न स्कूलों में जाते हैं और स्कूल बसें आमतौर पर स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने के लिए गेट नंबर 4 का उपयोग करती हैं। इस गेट के बंद होने से उन्हें भी परेशानी होगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बुजुर्ग माता-पिता अक्सर चिकित्सा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए गेट नंबर 4 से आवागमन करते हैं। गेट बंद होने से परेशानी हो रही है।

### विवाहिता से दुष्कर्म मामले में नया मोड़

# युवक के परिजनों का आरोप खुद को पीड़ित बताने वाली महिला ने 25 लाख मांगे



**हांसी।** एसपी अमित यशवर्धन से मिलने पहुंची आरोपी की मां अन्य महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

महिला थाना में दर्ज दुष्कर्म के मामले में नया मोड़ आया है। आरोपी पीयूष मित्तल की मां अपने पड़ोस की महिलाओं को साथ लेकर सोमवार को हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन से मिली और उन्होंने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपने बेटे पीयूष पर दर्ज मामले को लेकर आपत्तियां दर्ज करवाई। आरोपी की मां और मोहल्ले की महिलाओं ने आरोप लगाने वाली महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि महिला और उसके परिवार ने दुष्कर्म का मामला रफा-दफा करने के लिए 25 लाख रुपये मांगे थे। जब उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया तो केस दर्ज करवा दिया। आरोपी की मां ने कहा कि उनके बेटे के खिलाफ दर्ज केस निराधार व झूठा है और यह उनके बेटे व परिवार को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद से पीयूष मानसिक रूप से परेशान है और इस दौरान वह सुसाइड की कोशिश भी कर चुका है। आरोपी युवक की मां और पड़ोस की महिलाओं ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सिर्फ पीड़िता के बयान के आधार पर कार्रवाई न की जाए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड और सोशल मीडिया चैट्स की जांच कर मामले की पूरी निष्पक्षता जांच करने की मांग की है।

#### पुराने मामले में दो लोग जेल में

दुष्कर्म मामले में एक और पहलू सामने आया है। इसमें पीयूष ने मई में पीड़िता के पति और अन्य लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले में पीड़िता के पति समेत दो लोग अभी जेल में हैं। आरोपी की मां का कहना है कि दुष्कर्म का मामला उसी केस में बदले की भावना में दर्ज करवाया गया है।

# 2022 में खराब हुई थी फसल, आज तक नहीं मिला मुआवजा, एसडीएम को ज्ञापन

- किसानों ने बताया कि वे कई बार पटवारी को आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर सहित सभी जरूरी दस्तावेज सौंप चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद मुआवजा जारी नहीं किया गया, पटवारी लगातार उन्हें टाल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

निकटवर्ती गांव राजली के किसानों ने एसडीएम बरवाला कार्यालय पहुंचकर खरीफ फसल के मुआवजे में हो रही देरी को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने प्रशासन को अवगत कराया कि उन्हें आज तक उस फसल का मुआवजा नहीं मिला, जो वर्ष 2022 में खराब हो गई थी।

एसडीएम से मिलने आए ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार पटवारी को आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर सहित सभी जरूरी दस्तावेज सौंप चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद मुआवजा जारी नहीं किया गया है। पटवारी लगातार उन्हें टाल रहा है और हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर चक्कर कटवाता है। इससे परेशान होकर उन्होंने अब प्रशासन से गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में रामकुमार, लीलू, राजेश, शमशेर, बारूराम, राजपाल, सुरेश, गजें सिंह, अमित, काला, सुरेंद्र, महेंद्र, संतोष, रामफल, प्रवीन, सतबीर, कुलदीप, बलजीत, वजीर, बलवान, प्रेम, जोगेंद्र, राममेहर समेत दर्जनों किसान शामिल थे। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी मांगों पर संज्ञान लेकर जल्द राहत देगा।



**बरवाला।** एसडीएम से मिलने आए राजली के किसान। *फोटो : हरिभूमि*

# पति, सास व ससुर पर महिला को पीटने का आरोप बच्ची को बाल घसीटा, पत्नी के शरीर 15 जगह काटने के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गांव भैणी अमीरपुर में महिला को उसके पति द्वारा दांतों से काट खाने व अन्य ससुरालियों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। यही नहीं, आरोपियों ने महिला के साथ उसकी बेटी को भी पीटा और बाल पकड़कर घसीटा। आरोप है कि बेटी का गला घोंटने का प्रयास किया गया।

महिला ने अपने शरीर पर 15 जगह काटने के निशान दिखाए। हांसी पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में देपल की रहने वाली स्वीटी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2002 में नारनौंद के गांव भैणी अमीपुर निवासी सतीश लोहान से हुई थी। इस शादी से उसके तीन बच्चे हैं, जिसमें दो बेटी और एक बेटा है। शादी के बाद से ही पति शराब पीकर मारपीट करता था। वह सब कुछ सहन करती रही। वर्ष 2020 में शराब पीकर पति ने बुरी तरह पीटा। इसके बाद उसने नारनौंद पुलिस थाने में शिकायत दी थी। इस शिकायत के आधार पर 2020 में पुलिस ने पति पर केस दर्ज कर लिया था। स्वीटी ने पुलिस को बताया कि पति की मारपीट और मुकदमे की वजह से वह बच्चों के साथ मायके रह रही है। उसका पति के साथ कोर्ट में केस भी चल रहा है, जिसमें उसने गुजारा भत्ते की भी मांग की है। उसके पिता भी किसान है, वर्तमान में वे ही उसका और उसके बच्चों का खर्च उठा रहे है। बच्चों के पालन पोषण में पति कोई सहयोग नहीं करता है। इसी वजह से उसके कोर्ट में मामला डाला हुआ है। स्वीटी के अनुसार रविवार को उसकी सास ओमपति का फोन आया कि जो भी हुआ सो हुआ, एक बार आकर मंदिर और खेत में दीया जला जा। वह सास की बातों में आकर दीया जलाने चली गई। गांव के खेड़े में उसने दीया जला दिया और जब वह खेत में दीया जलाने लगी तो पति, सास और ससुर ने उसे पकड़ लिया। उनका खेत में ही घर बना हुआ है। पति ने मारपीट करनी शुरू कर दी और गालियां देने लगा। स्वीटी ने आरोप लगाया कि सास ओमपति ने मेरी बेटी को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए और बाल पकड़कर घसीटने लगी। इसी दौरान ससुर मांगेराम डंडा लेकर आया और कमर और हाथ-पैर पर डंडे मारने लगा, जबकि पति दांतों से उसका शरीर काटने लग गया। वह जोर से चिल्लाती रही मगर उनको तरस नहीं आया। इसके बाद पति ने चुन्नी से गला घोंटने का प्रयास किया। स्वीटी ने बताया कि उसको लगा वह आज मर जाएगी, मगर इतने में पति ने चुन्नी को छोड़ दिया। इसके बाद उसने अपनी बेटी के साथ वहां से भागकर जान बचाई।

#### महिला अस्पताल में भर्ती



**हिसार।** अस्पताल में पिटाई व दांतों से काटे का निशान दिखाती महिला।

स्वीटी ने बताया कि मारपीट के बाद मैंने साथ ही डायल 112 पर फोन किया और पुलिस को मौके पर बुला लिया। इसके बाद मायके वालों को सूचना दी, जिन्होंने उसे जिले के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। नागरिक अस्पताल में जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने महिला से बात की और उसे बेझिझक होकर शिकायत देने की बात कही। नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला के बयान ले लिए गए हैं। शिकायत के अनुसार कार्रवाई होगी।

### जनस्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

# पांच साल से पेमेंट नहीं, ठेकेदारों ने रोका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत ठेकेदारों ने सोमवार को विभागीय कार्यालय में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि उन्होंने विभाग की हर घर नल योजना तथा अन्य परियोजनाओं के तहत किए गए कार्यों की भुगतान राशि लंबे समय से बकाया है, लेकिन विभाग के अधिकारी भुगतान करने की बजाए लगातार टालमटोल कर रहे हैं। उनकी बकाया पेमेंट नहीं की जा रही।

ठेकेदारों ने ऐलान किया है कि जब तक उनकी बकाया पेमेंट नहीं मिलती, तब तक वे किसी भी निर्माण या सप्लाई कार्य को आगे नहीं बढ़ाएंगे। ठेकेदारों द्वारा धरना प्रदर्शन के चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधित कार्यों पर असर पड़ने की आशंका बन गई है।




**हांसी।** जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेकेदार। *फोटो : हरिभूमि*

#### पाइप और अन्य सामग्री डबल रेट पर खरीदने का दावा

प्रदर्शन कर रहे ठेकेदारों ने विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि विभाग द्वारा पाइप और अन्य सामग्रियों की दोगुनी कीमतों पर खरीद की गई। इससे सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ठेकेदारों ने कहा कि यदि विभाग द्वारा खरीदी जा रही पाइप व अन्य सामग्री की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच करवाई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

#### जल आपूर्ति के कार्य में पहले ही देरी

ठेकेदार अनिल पुनिया ने कहा कि हमने सरकारी योजना के तहत समय पर कार्य पूरा किया, लेकिन सालों बीतने के बाद भी हमें भुगतान नहीं मिला। जब तक हमें हमारी राशि नहीं मिलती, हम एक भी काम आगे नहीं करेंगे। हांसी क्षेत्र में जल आपूर्ति के कार्य पहले ही देरी से चल रहे हैं। जिसे लेकर शहर व क्षेत्र लोग लगातार प्रदर्शन करते हैं। अब ठेकेदारों के कार्य रोकने से इन योजनाओं पर और असर पड़ सकता है। खबर लिखे जाने तक विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# हिंदवान निवासी नवीन मर्डर केस में महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**कार्रवाई**

- 14 जून को झगड़े के दौरान की गई थी नवीन की हत्या
- अब तक सात आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके

सदर पुलिस ने हिंदवान गांव निवासी नवीन की हत्या मामले में आरोपी महिला पूजा रानी को गिरफ्तार किया है। वह इस मामले में पकड़ी गई सातवीं आरोपी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश के अनुसार उक्त महिला आरोपी पूजा रानी 14 जून की सुबह हुई वारदात में शामिल थी। वारदात में नवीन की हत्या कर दी गई थी तथा उसके परिवारजनों पर भी जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं। अब तक इस मामले में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार पूजा रानी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


जांच अधिकारी के अनुसार 14 जून को शाम के समय गांव हिंदवान में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां ज्ञात हुआ कि नवीन, सावित्री और राजबीर को धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया, जिन्हें उपचार के लिए हिसार अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष के प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मई को नाली सफाई को लेकर कृष्ण, छोटू, महेन्द्र, नरेश आदि से कहासुनी हुई थी, जो बाद में आपसी समझौते से समाप्त हो गई थी परंतु 14 जून की सुबह जब पुनः नाली की सफाई की जा रही थी, तो उक्त व्यक्तियों ने जान से मारने की धमकी दी। शाम लगभग 6:30 बजे प्रताप सिंह का पुत्र नवीन टहलने के लिए निकला, तभी कुछ देर बाद चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं। आरोप है कि 15—20 लोगों, जिनमें चार महिलाएं और अन्य अज्ञात व्यक्ति शामिल थे, उन्होंने नवीन की हत्या कर दी।



# लव स्कैम
# इस धोखेबाजी से बचें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें
# हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल
**अनीता जैन**



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब
# बेटा-बहू रहना चाहें अलग

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

सलाह
**नम्रता नदीम**



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में
# बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर
**चेतना झा**

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

ओरल हेल्थ
**संध्या रानी**

अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।



**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न समस्याओं की सुनवाई की। शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। गांव खरक पूनिया निवासी सतबीर व खरकड़ा निवासी राकेश ने सिंचाई के खाल के संबंध में अपनी शिकायत दी। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के एक्सईन को निर्देश दिए कि वह मौके का निरीक्षण कर दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच करें और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

### फ्रीमेसन ऑफ हिसार ने लगाया दिव्यांग सेवा शिविर

**हिसार।** फ्रीमेसन ऑफ हिसार द्वारा दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर उपलब्ध करवाए गए। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए गए इस शिविर में फ्रीमेसन के रीजनल हेड पुनीत सोहल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान फ्रीमेसन ऑफ हिसार के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, दिव्यांग केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल व प्रोजेक्ट हेड सीए रामनिवास अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मदनलाल बंसल, विपिन गोयल, रघुबीर गोयल, ऋषिकेश, राजीव बंसल, अनिल बिंदल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने श्रेष्ठ संस्कारों को ग्रहण कर जीवन जीने की कला सीखी

# संस्कारों से ऊंचाइयों को छुएंगे बच्चेः प्रवीण पोपली

- हनुमान मंदिर में एक माह तक चले आध्यात्मिक शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जवाहर नगर स्थित श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर में ग्रीष्म अवकाश के दौरान मंदिर प्रांगण में एक माह के लिये आयोजित किए गए अध्यात्मिक शिविर का समापन किया गया। पांच वर्ष से 12 वर्ष तक के लगभग 84 बच्चों ने शिविर में भाग लेकर श्रेष्ठ संस्कारों को ग्रहण करते हुए जीवन में आगे बढने की कला सीखी।

समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली उपस्थित हुए जबकि अध्यक्षता वार्ड के पार्षद राजेश अरोड़ा रिंकू ने की। इस अवसर पर बच्चों ने चार सप्ताह में जो कुछ सीखा, वो मंच पर प्रस्तुत किया। किसी बच्चे ने दोहे, किसी ने मंत्र तो किसी ने रामायण के पात्रों के कंठस्थ डायलॉग सुनाये। बच्चों की प्रस्तुतियों पर घंटों तक तालियां बजती रहीं। हर कोई छोटे-छोटे बच्चों की पूर्णतः धार्मिक बातें सुनकर हतप्रभ था। रामायण पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई। बच्चों की बनाई पांच टीमों से रामायण से जुड़े प्रश्न पूछे गये जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब दिये। बच्चों ने अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा के दौरान बोले जाने वाले मंत्री मुंह जुबानी सुनाये।

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बच्चों में इतने अच्छे संस्कार देखकर लगता है कि सभी बच्चे भविष्य में अवश्य ही ऊंचाइयों को छुएंगे। बच्चों को महीने भर शिक्षा देने वाली शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए मेयर ने कहा कि आजकल किसी के पास समय नहीं है, ऐसे में बच्चों को अध्यात्म से जोड़ना बेहद लाभदायक रहेगा। शिविर की संयोजक डॉ. सुनीता यादव व बच्चों को अच्छे संस्कारों की शिक्षा देने वाली शिक्षिका इशु, एकता रेवड़ी व मोनिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिविर में रोजाना आने वाले छह बच्चों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी, महासचिव के.के. सेहरा, कोषाध्यक्ष भगतचंद महता, प्रीतम छाबड़ा, ललित राठी, हरबंस ग्रोवर, मोहित गांधी, विरेन्द्र तनेजा, विनोद बिश्नोई एडवोकेट, सुनील यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



हिसार। हनुमान मंदिर में आयोजित आध्यात्मिक शिविर में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### शिक्षिकाओं के कार्य की सरहाना

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बच्चों में इतने अच्छे संस्कार देखकर लगता है कि सभी बच्चे भविष्य में अवश्य ही ऊंचाइयों को छुएंगे। बच्चों को महीने भर शिक्षा देने वाली शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए मेयर ने कहा कि आजकल किसी के पास समय नहीं है, ऐसे में बच्चों को अध्यात्म से जोड़ना बेहद लाभदायक रहेगा।

# रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभाग में सैकड़ों पदों को खत्म करने का प्रयास : मौण

- 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को जन आंदोलन में बदलने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कन्वेंशन श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला में जिला प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कन्वेंशन में मंच संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया।कन्वेंशन में राज्य प्रधान गंगाराम मौण, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, उप प्रधान संदीप पुनिया, दीपक शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव जिला राजेश बागड़ी, मैके. यूनियन के जिला चेयरमैन नरेश गौतम, सह सचिव राजेश शर्मा, उपप्रधान प्रीतम सिंह, सोनिया व प्रदीप बूरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कन्वेंशन में 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व जन संगठनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान गंगाराम मौण ने कहा कि सरकार रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभाग में सैकड़ों पदों को खत्म करने पर तुली है।



हिसार। जिलास्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो :हरिभूमि

### मकानों क बाहर बने रैंप हटवाने की मांग को लेकर अफसरों को दी शिकायत

**हिसार।** आजाद नगर निवासी दलीप सिंह ने कॉलोनी में मकानों के बाहर बने रैंप को हटवाने की मांग रखी, वहीं ढाणी श्यामलाल निवासी संदीप गोयल ने भवन के आगे किए गए अतिक्रमण को हटवाने की शिकायत की। उपायुक्त ने दोनों मामलों में नगर निगम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव भेरिया के ग्रामीणों ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखी। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार को मौके पर जाकर स्थिति की जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, नगराधीश हरिराम, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांझा प्रयास चैरिटेबल फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

- सामाजिक उत्तरदायित्व व मानवीय सेवा की भावना को बल दिया : आशीष जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सांझा प्रयास चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सर्वेश हेल्थ सिटी में पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 40 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो न केवल संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, बल्कि ज़रूरतमंदों के जीवन बचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम भी सिद्ध हुआ। इस पहल ने सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय सेवा की भावना को बल दिया।

इस अवसर पर सांझा प्रयास चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष जोशी ने बताया कि रक्तदान के अनेक लाभ होते हैं। यह न केवल किसी ज़रूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय संबंधी बीमारियों की संभावना कम होती है। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल राठौर, हिसार जिला अध्यक्ष रजत कुमार, वंश, विकास, साहिल, विदुषी, जागृति शर्मा, राघव, अंकित और रिया एवं पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।



हिसार : शिविर में रक्तदान करते युवा।

# गुजवि के चार विद्यार्थियों को चार प्रतिष्ठित कंपनियों में मिली नौकरी, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से पिछले सप्ताह हुए ओजीआई इंडिया, चिमिक इंडिया लिमिटेड, स्टेलरिक्स कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और माधव केआरजी लिमिटेड के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थी बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी व एमएससी फूड टेक्नोलॉजी कार्यक्रमों से संबंधित हैं। विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित विभागों के 59 विद्यार्थियों ने इन प्लेसमेंट ड्राइव्स में भाग लिया। उन्होंने भर्ती करने वाली कंपनियों के सहयोग की सराहना की और ओजीआई इंडिया के जितेंद्र कुमार, चिमिक इंडिया लिमिटेड के भीष्म केडिया, स्टेलरिक्स कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की सहायक प्रबंधक गरिमा दाधीच और माधव केआरजी लिमिटेड के उप प्रबंधक सुमित सिडाना को प्लेसमेंट प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में उनके सहयोग और प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।



गौतम कुमार। पूजा। मोनिका। मोहित कुमार।

# शिविर में कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन साहस और सांस्कृतिक कौशल

- तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रॉयल सैनिक विद्यापीठ विद्यालय, रावलवास कलां में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन शौर्य, परिश्रम और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें टीएससी के चयनित कैडेट्स भी शामिल थे। शिविर के अंतिम दिन कैडेट्स ने अपनी बहुआयामी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए विविध प्रतियोगिताओं में भाग लिया। फायरिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स ने बेहतरीन निशानेबाजी का परिचय दिया, जहाँ सटीकता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मैप रीडिंग अभ्यास में उन्होंने भौगोलिक समझ, दिशा ज्ञान और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन किया। हेल्थ एंड हाइजीन सत्र में विशेषज्ञों ने फील्ड में स्वच्छता बनाए रखने, प्राथमिक चिकित्सा और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कैडेट्स ने मनमोहक नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

# कंप्यूटर पर चलने वाले हाथों ने शहर को कर दिया हरा-भरा

**हिसार।** कंप्यूटर पर चलने वाले हाथों ने शहर को स्वच्छ करके हरा-भरा करने में पूर्ण सहयोग दिया है। इंडसइंड बैंक में क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत राजकुमार का पर्यावरण के प्रति ऐसे प्रेम को देखकर हर कोई हैरान है। ग्रीन ग्लोबल ग्रुप से जुड़े राजकुमार हर सुबह शहर को हरा-भरा रखने के लिये अलसुबह घर से निकल लेते हैं और तीन घंटे तक पौधे लगाने, उनकी कटाई-छंटाई तथा साफ-सफाई के लिये जुट जाते हैं। इससे पूर्व वे महिंद्रा फाइनेंस में मैनेजर के पद पर काम करते थे। शहर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिये राजकुमार पिछले छह वर्षों से अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार के कार्यकर्ता हरि सिंह ने बताया कि लगभग छह वर्ष पहले एयरपोर्ट रोड पर पौधारोपण करते हुए राजकुमार से मुलाकात हुई। राजकुमार ने ग्रुप के साथ जुडक़र काम करने की इच्छा जताई। वह दिन और आज का दिन, राजकुमार रोज सुबह पर्यावरण के लिये अपनी सेवाएं दे रहे हैं। छह वर्षों में राजकुमार ने शहर को स्वच्छ करके यहां आसपास के क्षेत्रों में खूब हरियाली कर दी। आज इनके अथक प्रयासों से और लोग भी सीख ले रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है हि जो हाथ दिन भर कंप्यूटर पर चलते हैं, वही हाथ कूड़ा उठाने और पौधे लगाने में बिजली की तरह चलते हैं। उनकी अथक मेहनत से हिसार शहर काफी स्वच्छ और हरा-भरा हुआ है और उनके सहयोग से ग्रुप ने लगभग 20000 पौधे लगा दिए गए हैं और भविष्य में भी लगाते रहेंगे।



क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर राजकुमार

# लुवास एवं लाल पैथ लैब के बीच हुआ समझौता

- 'एक स्वास्थ्य' दृष्टिकोण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय एवं लाल पैथ प्रयोगशाला के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर लुवास विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन डॉ. राजेश खुराना ने कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया। इस अवसर पर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंसेज के अधिष्ठाता भी मौजूद रहे जबकि लाल पैथ प्रयोगशाला की ओर से डॉ. आलोक, डॉ. रीना नाकरा, डॉ. वामशी कृष्ण थाम्टम, डॉ. सोनू शर्मा एवं अर्चना ग्रोवर उपस्थित रहे। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने समझौता पत्र का आदान प्रदान किया। इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लुवास के कुलपति, डॉ. नरेश जिंदल ने दोनों संस्थाओं के वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि यह साझेदारी पशु एवं मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार और सुधार की दिशा में एक नई मिसाल स्थापित करेगी। इससहयोग का उद्देश्य पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना है, जो 'एक स्वास्थ्य' दृष्टिकोण की ओर एक ठोस पहल है। 'एक स्वास्थ्य' अवधारणा के तहत मानव एवं पशु स्वास्थ्य के बीच के अंतर संबंधों को समझते हुए, ऐसी बीमारियों पर संयुक्त शोध को प्राथमिकता दी जाएगी जो दोनों को प्रभावित करती हैं।

इस समझौते के मुख्य बिंदुओं के अनुसार लुवास और लाल पैथ के बीच यह साझेदारी उन्नत अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी आदान-प्रदान को बल देगी। डॉ. लाल पैथ संस्था की टीम ने इस अवसर पर लुवास के पशु फार्म और पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग का दौरा किया और विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।



हिसार। एमओयू का आदान प्रदान करते लुवास व लाल पैथ लैब के अधिकारी।



हांसी। हैप्पीनेस परिचर्चा को संबोधित करते हैप्पीनेस इनफ्लुएंसर सौरभ जैन।

### एसडी मार्डन पब्लिक स्कूल में हैप्पीनेस पर परिचर्चा

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में 'सोमवार को हैप्पीनेस पर परिचर्चा विषय पर इन हाउस सीबीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। परिचर्चा वक्ता गणित कवि, वैदिक मैथ ट्रेनर, हैप्पीनेस इनफ्लुएंसर सौरभ जैन रहे। इस तनाव मुक्त माहौल में हम बच्चों के कैसे पसंदीदा अध्यापक बन सकते हैं तथा उन्हें तनाव मुक्त शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। विषय को समझने के लिए सौरभ जैन ने मन की वैक्सीनेशन को आधार बनाकर गुरु मंत्र बताएं। शिक्षक होना परम सौभाग्य है इस से सम्बंधित कुछ मंत्र बताये जैसे कि मैं अपने आप से प्रेम करता हूं, अपने काम से प्यार करो, हर बच्चे को अपना मानो, अपनी आरामदायक दिनचर्या से बाहर आओ, पहले बच्चों से भावनात्मक रूप से जुड़े फिर उन्हें पढ़ाओ, तन की सुंदरता से मन की सुंदरता विद्यार्थियों को अधिक प्रभावित करती है। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि केवल शिक्षक ही एक व्यक्ति है जिसका प्रभाव हर व्यवसाय व क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति पर पड़ता है। इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह, उपप्राचार्य महेंद्र सिंह, मिडल विंग इंचार्ज पवन बंसल, प्राइमरी विंग इंचार्ज शिवानी श्रीवास्तव ने सौरभ जैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



# छात्रों ने एडवेंचर कैंप में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय एडवेंचर कैंप में भाग लिया। जानकारी देते हुए महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ राजपाल सिंह ने बताया कि महिला वर्ग में शिविर का आयोजन 17 से 21 जून तक तथा पुरुष वर्ग के शिविर का आयोजन 23 से 27 जून तक हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर में हुआ। पुरुष व महिला वर्ग में जाट महाविद्यालय के 4-4 स्वयंसेवकों ने अपने काउंसलर सहित इस शिविर में भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को रॉक क्लाइंबिंग, रिवर क्रॉसिंग, ट्रैकिंग तथा अन्य गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। स्वयंसेवकों ने एडवेंचर कैंप के दौरान रोहतांग पास, अटल टनल तथा सोलंग वैली जैसे पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया। सोमवार को महाविद्यालय पहुंचने पर स्वयंसेवकों ने प्राचार्य डॉ. कपेन्द्र सिंह के साथ अपने अनुभव साझा किए।

### अहमदाबाद में हुए अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ में मिला सम्मान

# स्वामी सहजानंद को ज्योतिष में लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड

- ज्योतिष एक प्राचीन वैज्ञानिक पद्धति, ज्योतिष के नाम पर टोने-टोटके बताना ज्योतिष का उपहास : स्वामी सहजानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मिरल फाउंडेशन की ओर से अहमदाबाद में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया। जिले के गांव मैयड़ स्थित श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संस्थापक स्वामी सहजानंद को इस कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस महाकुंभ में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आचार्य अनिल वत्स, ज्योतिष आचार्य अजय भाम्बी, लाल किताब के महारथी जीडी वशिष्ठ, आचार्य गणेश, एस्ट्रो राज, ज्योतिष के विद्वान उपेंद्र भदौरिया सहित देश के अनेक प्रसिद्ध विद्वानों ने भाग लिया। मिरल फाउंडेशन की अध्यक्षा मीता जानी ने दो दिवसीय इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। मंच का संचालन उज्जैन से पहुंचे हीरेन्द्र शुक्ला ने किया। सद्गुरु मां सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र की चेयरमैन भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद ने अपने संबोधन में कहा कि विगत कुछ वर्षों में ही सोशल मीडिया ने ज्योतिष को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और ज्योतिष का जितना प्रचार-प्रसार इस दौर में हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ। ज्योतिष हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदान की गई प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान एवं पद्धति है जिसकी गणना सटीक होती है। उन्होंने ज्योतिष के नाम पर टोने-टोटके बताकर ज्योतिष का उपहास करने वाले लोगों के बारे में कहा कि ज्योतिष के संपूर्ण ज्ञान के बिना सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना ज्योतिष के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष संगठनों को इस पर गंभीरता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने हिन्दू कैलेंडर तिथियों के महत्व को बताते हुए कहा कि जिस प्रकार से हम होली, दिवाली, जन्माष्टमी व अन्य त्यौहार तिथि के अनुसार मनाते हैं उसी प्रकार हमें स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस भी तिथि के अनुसार मनाने चाहिए क्योंकि उस समय ज्योतिषियों ने विशेष तिथि चुनकर स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस निर्धारित किया था।



हिसार। स्वामी सहजानंद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान करते आयोजक।

## खबर संक्षेप



### पानीपत ने जीती रग्बी चैंपियनशिप

**हिसार।** मिल गेट के ओपी जिंदल मेमोरियल पार्क में 10वीं हरियाणा राज्य स्तरीय अंतर जिला रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लड़कों की प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पानीपत व चरखी दादरी के मध्य में खेला गया। इसमें पानीपत ने चरखी दादरी को हराते हुए चैंपियन बनी जबकि तीसरे स्थान के लिए मुकाबला हिसार व जींद के मध्य खेला है जिसमें हिसार ने जींद को हराते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कुल 250 के करीब खिलाड़ियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि हरीश वर्मा पहुंचे।

### आर्य समाज में योग साधना का समापन



**हांसी।** आर्य समाज मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय योग साधना एवं रोग निवारण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। समाज के प्रधान सतपाल आर्य देपल ने बताया कि शिविर में विश्व विख्यात योगाचार्य स्वामी जोगिंद्र सिंह से नगर वासियों ने योग शिविर का भरपूर लाभ और स्वास्थ्य से संबंधित अनेकों जानकारियां प्राप्त की। इस मौके पर आर्य समाज संरक्षक मिथुन बंसल भी उपस्थित रहे। संस्था के कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री व कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता फतेह सिंह गुर्जर एवं चमनलाल नारंग ने आचार्य जोगिंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### कष्ट निवारण समिति सदस्य बनीं स्नेह लता

**हिसार।** स्नेह लता निम्बल को ज़िला कष्ट निवारण समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति प्रदेश सरकार के चीफ सेकेट्री ऑफिस ग्रीवेंस डिपार्टमेंट द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर स्नेह लता निम्बल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल और सावित्री जिंदल का आभार जताया है।

### शिविर में तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों की समस्याओं को मौके पर सुना गया और उनका समाधान सुनिश्चित किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने की। लोगों ने इस समाधान शिविर में कुल 10 समस्याएं प्रस्तुत की।

## बरसाती पानी की निकासी न होने से शहर मे हुए बाढ़ जैसे हुए हालात

# मानसून की पहली बरसात में ही पानी-पानी हुआ शहर

### निचली बस्तियों के घरों और दुकानों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर में सोमवार दोपहर हुई मानसून की पहली एक घंटे की बरसात से जहां शहरवासियों को गर्मी ओर उमस से राहत मिली वहीं शहर के विकास और बरसाती पानी की निकासी के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपये के दावों की पोल खुल गई और शहर अधिकांश निचले हिस्सों मे पानी भर जाने के चलते शहर मे बाढ जैसे हालात पैदा हो गए। वहीं शहर की करीब दो दर्जन बस्तियों समेत यतिनगर व माडल टाउन जैसी पॉश कॉलोनी के घरों व सब्जी मंडी रोड़ निचली बस्तियों के घरों व दुकानों मे पानी घुस गया। वहीं सफाई व्यवस्था व पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के चलते पूरा शहर जलमग्न नजर आया। बरसात के बाद प्रशासन के पानी निकासी के दावों व तैयारियों की उस वक्त हवा निकल गई जब शहर मे हुई करीब एक घंटे की बारिश के बाद शहर में पानी पानी नजर आने लगा।





**हांसी।** बरसाती पानी के बीच स्कूटी बंद होने के बाद उसे घसीट कर ले जाता चालक व एसडी महिला महाविद्यालय के सामने भरे बरसाती पानी के बीच से गुजरती गाड़ियां।

### इन कॉलोनियों में जलभराव बना आफत

बरसात के बाद शहर की यति नगर, बोगा राम, मुल्तान कालोनी, मंडी सैनियान, तिकोना पार्क, सब्जी मंडी, एसडी महिला कालेज, बस स्टैंड परिसर, अंबेडकर चौक, जगदीश कॉलोनी, कृष्णा कालोनी, इंदिरा कालोनी, श्याम बाबा मंदिर रोड, मॉडल टाउन व सुभाष नगर कॉलोनी सहित शहर की करीब दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों में बरसाती पानी भर गया तथा कई कॉलोनियों मे पानी के घरों में घुस जाने के चलते जमीन पर रखा सामान बारिश के पानी मे भीग कर खराब हो गया।

### अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर जताया रोष

शहर वासियों का कहना था कि जनस्वास्थ्य विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की नकारा कार्यप्रणाली के चलते हर बरसात के बाद शहर मे बाढ जैसे हालत पैदा हो जाते हैं। प्रशासन द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए अभी तक कोई सतत प्रयास नही किए गए हैं। वहीं भारी बारिश व बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था नही किए जाने पर कई कॉलोनियों में सीवरों के बैक मारने के कारण घरों मे गंदा पानी घुस गया। इसके चलते इन क्षेत्रों मे बीमारियां फैलने का खतरा मंडराने लगा है।

### किसानों के चेहरे खिले

उपमंडल क्षेत्र में सोमवार को मानसून की पहली अच्छी बरसात जहां शहरवासियों के लिए आफत लेकर आई वहीं बरसात की बाट जोह रहे किसानों के चेहरों पर इस बरसात ने रौनक ला दी। क्यों कि बरसात व नहरी पानी की कमी के चलते किसानों की कपास व सब्जियों की फसलें सुखने के कगार पर थी वहीं बिना बरसात के जीरी की बिजाई पर फर्क पड़ रहा था तथा जीरी की बिजाई को बचाने के अपने खेतों में लगातार ट्यूबवेल चलाना पड़ रहा था। बरसात से जहां फसलों को फायदा होगा वहीं किसानों को भी राहत मिली है।

### दुपहिया वाहन चालक को हुई परेशानी

शहर में सड़क निर्माण के नाम पर खोदी गई सड़कों व गड्ढों में बरसाती पानी जमा हो जाने के कारण कई दुपहिया व अन्य वाहन बंद हो गए जिसके चलते उन्हें पैदल ही अपने वाहनों को धक्का लगाकर ले जाना पड़ा। उधर बरसात के बाद सामान्य बस स्टैंड में पानी में भर जाने के कारण रोडवेज व निजी परिवहन के अधिकांश बस चालकों ने बस स्टैण्ड के बाहर शहर के अंदर से गुजरने वाले राजमार्ग पर ही सवारियों को उतारा व चढ़ाया।

### 5 जुलाई तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील

**हिसार।** प्रदेश भर में मानूसन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। हिसार व आसपास के क्षेत्र में सोमवार को मानूसन की झमाझम बारिश हुई। इसके चलते मौसम खुशनुमा बन गया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन के पारे में बारिश के चलते गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय अत्याधिक उमस को दोपहर बाद आई बारिश से धो दिया। इसके अलावा बारिश से किसानों के चेहरे खिले उठे हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने 5 जुलाई तक मौसम परिवर्तनशील बने रहने की संभावना जताई है और 3 जुलाई तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में झमाझम बारिश की उम्मीद है। हकृवि के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा श्रीगंगानगर, दिल्ली, फतेहगढ़, सीधी, जमशेदपुर से होता हुआ बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है जिससे बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ आने तथा राजस्थान पर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने से अरब सागर की तरफ से नमी वाली हवाएं आने की संभावना से हरियाणा में 5 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है।

### पेटवाड़ में बरामदे की छत गिरी, पशु घायल



**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव पेटवाड़ में बरसात में एक किसान के पशु बरामदे की छत गिर गई। हादसे में किसान नरवीर की तीन दुधारू भैंसें और एक डेढ़ साल का कटड़ा घायल हो गए। घटना के समय नरवीर का परिवार घर में था। छत गिरने की आवाज सुनकर वे बाहर दौड़े। बरामदे के मलबे में पशु दबे हुए थे। छत गिरने की आवास व सूचना पाकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मिलकर मलबा हटाया और पशुओं को बाहर निकाला। तीन घंटे की मेहनत के बाद पशुओं को निकाला गया। गंभीर चोटों के कारण वे खड़े नहीं हो पा रहे हैं। नरवीर एक छोटा किसान है। वह पशुपालन से परिवार का गुजारा करता है। दूध बेचकर बच्चों की परवरिश करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नरवीर के लिए आर्थिक मदद की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर इलाज न मिलने से पशुओं की जान को खतरा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि नरवीर को तुरंत सहायता दी जाए।

### वार्ड-3 में मकान की छत गिरी



**उकलाना मंडी।** बारिश के दौरान जैसे ही प्रातः काल में धूप निकली तो वार्ड नंबर 3 निवासी परमजीत उर्फ बली के मकान की छत गिर गई। उस वक्त परमजीत अपनी पत्नी व पुत्र के साथ कमरे में मौजूद था। हालांकि परमजीत की पत्नी गीता को कमरे में छत गिरने से ईंटें लगी जिससे मामूली चोट आई लेकिन गनीपत रही कि किसी प्रकार जानी नुकसान नहीं हुआ। छत गिरने से घर में रखा हुआ सारा सामान नष्ट हो गया। परमजीत उर्फ बली ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कई बार वह आवेदन कर चुका है लेकिन उसका नाम नहीं आया और आज यह हादसा हो गया। बारिश के मौसम में उकलाना क्षेत्र में कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं और जान तक जा चुकी है लेकिन आवास बनना तो दूर उनको आज तक कोई सुविधा भी नहीं मिल पाई।

## उप कुलसचिव व कुक हुए सेवानिवृत्त

- कुलपति, कुलसचिव सहित अन्य ने की सेवाओं की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एक उप कुलसचिव तथा एक कुक सोमवार को सेवानिवृत हो गए। इन कर्मचारियों के सम्मान में विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार उपस्थित रहे। सेवानिवृत कर्मचारियों में उप कुलसचिव डा. सत्यवीर सिंह तथा कुक बल बहादुर थापा शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि दोनों ही कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के प्रारंभिक समय से ही सेवाएं देना शुरू किया। विश्वविद्यालय की प्रगति में इन कर्मचारियों का श्रेष्ठ योगदान है। समारोह को प्रो. यशपाल सिंगला, प्रो. ऋषिपाल, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. अनिल कुमार भानखड़ व अशोक कौशिक ने भी सम्बोधित किया। सेवानिवृत कर्मचारियों ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव सांझा किए। मंच संचालन प्रो. कर्मपाल नरवाल ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।



**हिसार।** सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### माजोद के सरकारी स्कूल से बर्तन व बैटरी चोरी

**हांसी।** गांव माजोद स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार रात चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस ने हेड मास्टर हरिकेश की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हैड मास्टर हरिकेश ने बताया कि एक जुलाई से पुनः स्कूल खुलने के चलते स्कूल की सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों के चलते जब वह शनिवार सुबह स्कूल पहुंचे, तो चार कमरों के ताले टूटे हुए पाए गए। उन्होंने तुरंत सरपंच को सूचना दी और विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। रसोईघर में रखी करीब 350 नई स्टील की थालियां व इंवर्टर बैटरी गायब मिले। हेडमास्टर हरिकेश ने बताया कि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे तथा रात के समय के लिए चौकीदार नियुक्त नहीं किया गया है।

## ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

- प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्धारित त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पार्टियों से आए हुए प्रतिनिधियों के समक्ष नगराधीश हरिराम ने ईवीएम वेयर हाउस में सुरक्षा प्रबंध, पुलिसकर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। नगराधीश हरिराम ने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने तथा आस-पास की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार जगदीप सिंह, इनेलो पार्टी से रमेश चुघ व बलबीर सिहाग, बसपा से नानक देव, कांग्रेस से अनिल बिश्नोई, सीपीआइएम से दिनेश सिवाच, आम आदमी पार्टी से सीता राम व चुनाव कार्यालय से स्नेह कुमार आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते नगराधीश हरिराम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। *फोटो: हरिभूमि*

### गुजवि के एमटेक पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम में दाखिले को 6 जुलाई तक करें आवेदन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय का पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग आज न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमटेक पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका है, जो पर्यावरण के क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता हासिल कर शानदार, सुरक्षित व सम्मानजनक करियर बनाना चाहते हैं। इस विभाग का प्लेसमेंट रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थी एचएसपीसीबी, सीपीसीबी, मिनिस्ट्री ऑफ इनवायर्नमेंट, एनईईआरआई और विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त निजी और कॉर्पोरेट सेक्टर में भी विद्यार्थी प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे एल एंड टी, टाटा प्रोजेक्ट्स, अदानी इंफ्रा, जिंदल स्टील, टाटा स्टील, गेल और आईओसीएल में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

## प्रदेश की सभी व्यवस्थाएं फेल : चौटाला

- घाटे में आबकारी राजस्व, पूर्ति के लिए सरकार ने बिजली के रेट बढ़ाकर जनता पर डाला बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार की अनदेखी ने प्रदेश की सारी व्यवस्था बिगाड़ कर रख दी है। उन्होंने कहा कि बदहाल कानून व्यवस्था के साथ-साथ राजस्व घाटा, बिजली दामों में बढ़ोत्तरी, एचएयू छात्र आंदोलन, डीएपी की कमी जैसे अनेक ऐसे मुद्दे हैं जिनसे युवा, गरीब, किसान और कमेरा वर्ग परेशान है। सोमवार को दिग्विजय चौटाला हिसार में पत्रकारों से रूबरू थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे सरेआम बिना किसी खौफ के बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे है लेकिन पुलिस और सरकार नींद में सोई हुई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुरक्षा देने में नाकाम मुख्यमंत्री किसी तरह शराब के ठेके छुड़वाने में लगे हुए हैं जबकि शराब ठेकेदार बदमाशों के डर से घर बैठे हैं। ठेके कम बिकने की वजह से इस बार आबकारी राजस्व घाटे में जाता दिख रहा है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आबकारी राजस्व के घाटे की पूर्ति के लिए ही सरकार बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर जनता पर बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकार पुलिस को लगाकर किसानों को डीएपी बांट रही है।

## बिजली के अघोषित कटों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**बरवाला।** बिजली के बार-बार लग रहे अघोषित कटों ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। बिजली के इन अघोषित कटो से लोगों का जीना दुभर हो गया है। जिससे लोगों में बिजली निगम के प्रति काफी रोष पनप रहा है। युवा समाजसेवी इंद्रजीत वसूजा, संजीव गुप्ता, प्रधान मनोज अनेजा व राजन वासदेवा समेत अनेक लोगों ने बताया कि गर्मी का मौसम आने से पूर्व बिजली निगम द्वारा गर्मी के मौसम में बिजली के कटों पर रोकथाम और लगभग एक महीना सुबह से लेकर शाम तक बिजली कट लगाकर व्यवस्था को सुचारु करने हेतु कार्य किया गया था। परंतु कटों में कमी नहीं आई।

### केबल डाली जा रही

जब इस बारे बिजली निगम के जेई सुरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 132 केवी सब स्टेशन पर 33 केवी 400 डबल सर्किट केबल डाली जा रही है जिसका ट्रायल चल रहा है। जिसकी वजह से यह दिक्कत आ रही है। केबल का काम सुचारू रुप से होने के बाद बिजली के कट नहीं लगेंगे।

## अग्रोहा टीले की खुदाई रोकने से वैश्य समाज में नाराजगी : गर्ग



**हिसार।** अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में अग्रोहा धाम के विकास व टीलें की खुदाई पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम रोकने से वैश्य समाज व जनता में नाराजगी है। टीलें की खुदाई का काम कीड़ी की चाल से चल रहा था। इसी प्रकार टीलें की खुदाई का काम रुक रुक कर होने व धीमी गति से होने से खुदाई का काम 20 साल तक पूरा नहीं होगा। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम एक साल में पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर चूड़ियां राम गोयल टोहाना, अनन्त अग्रवाल बरवाला, ऋषि राज गर्ग, पवन गर्ग, संदीप कुमार, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू, सुरेश गुप्ता पंजाब, प्रेम अग्रवाल दिल्ली, महेश अग्रवाल यूपी, हेमचंद महेशवरी राजस्थान, रामकुमार बंसल चंडीगढ़, कृष्ण सिंगला पंचकूला आदि ने अपने विचार रखें।

### सड़क निर्माण कार्यो का मेयर प्रवीण पोपली ने किया निरीक्षण

## ढाणी श्यामलाल में जल्द डाली जाएगी सीवरेज की बड़ी लाइन, जलभराव से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मिलगेट रोड ढाणी श्यामलाल में नगर निगम द्वारा सड़क बनाने के कार्य चल रहे है। इसी क्षेत्र में जलभराव और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या आ रही है। इसको लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद भीम महाजन, एमई सुनील लाम्बा, जेई अर्जुन नाथ, जेई कुशल, पब्लिक हेल्थ के सुपरवाइजर सौरभ सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि मिलगेट रोड पर जल्द ही अमृत 2 के तहत सीवरेज की बड़ी सीवरेज लाइन डाली जाएगी। जिससे इस क्षेत्रवासियों में जलभराव और सीवरेज से सम्बन्धित समस्या की कोई समस्या नहीं आएगी। मेयर प्रवीण पोपली ने निर्माणधीन गलियों तथा उसके साथ लगती गलियां जिनका निर्माण होना है, उनका मौका निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी की निकासी और सीवरेज जुड़ी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के आदेश दिए। मेयर प्रवीण पोपली ने सड़क बनाने से पूर्व सीवरेज मेनहॉल लेवल में बनाने के दिशा-निर्देश दिए। तथा नगर निगम के अधिकारियों को सड़क बनाते समय ध्यान रखे कि जलभराव न हो पानी की निकासी सुचारु रुप हो। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग व नगर निगम संयुक्त रूप कार्य करने के लिए कहा, ताकि क्षेत्रवासियों को जलभराव व सीवरेज की समस्या न आए। मेयर प्रवीण पोपली ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिलाया कि जल्द ही सीवरेज की समस्या का समाधान कर सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सीएसआई राजकुमार को नियमित रूप गोबर उठाने के लिए ट्रॉली भिजवाने हेतू आदेश दिए।



**हिसार।** गली में जलभराव के साइड से निकलते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य।

